साइंस का प्रमोशन 2 माह में छात्रों को मोबाइल साइंस वैन का कितना लाभ मिल रहा है, इसके लिए एससीईआरटी ने सर्वे रिपोर्ट तैयार कराई है

32470 छात्रों को विभिन्न मॉडल से दी साइंस की जानकारी

भास्कर न्यूज|गुड़गांव

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की सात मोबाइल साइंस वैन के जरिए दो माह में प्रदेश में 144 स्कूलों के 32470 छात्रों को विभिन्न मॉडल के जरिए साइंस की जानकारी दी गई। एससीईआरटी ने साइंस वैन गुड़गांव, मेवात, हिसार, सोनीपत, पंचकूला, कुरुक्षेत्र और महेंद्रगढ़ जिले में उपलब्ध कराई हुई है। एससीईआरटी की ओर से स्कूलों में साइंस के प्रमोशन को लेकर सात जिलों की जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) को सात वैन दी गई थी। इस वैन के जरिए डायट के विशेषज्ञ आसपास के जिलों के स्कूलों में जाकर बच्चों को साइंस की जानकारी दे रहे हैं। मोबाइल साइंस वैन का छात्रों

गुड़गांव. मोबाइल बैन से छात्रों को साइंस की जानकारी दी गई। फाइल फोटो

को कितना छात्रों को लाभ मिल रहा है, इसके लिए एससीईआरटी ने सर्वे रिपोर्ट तैयार कराई है। सितंबर और अक्टूबर की रिपोर्ट के अनुसार सात डायट की ओर से कुल 144 स्कूलों को कवर किया गया। एससीईआरटी में मोबाइल साइंस वैन कार्यक्रम के समन्वयक मनोज कौशिक ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट में परिणाम अच्छे आए हैं। सभी डायटों के विशेषज्ञों से कहा कि पहले ऐसे स्कूलों को चुने, जहां पर साइंस की लैब नहीं है। मोबाइल साइंस वैन बच्चों के लिए काफी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वैन को मिडिल और हाई स्कूल के बच्चों को साइंस संबंधित जानकारी दी जा रही है। इससे सीनियर सेकेंडरी में बच्चों को साइंस विषय को चुनने में सहूलियतें मिलेगी।

गौरतलब है कि एससीईआरटी ने कुछ दिन पहले साइंस वैन गुड़गांव, मेवात, हिसार, सोनीपत, अंबाला, कुरुक्षेत्र और महेंद्रगढ़ जिले में भेजी दी थी। सभी जिलों के दो-दो विज्ञान कोऑर्डिनेटर समेत 50 टीचरों को प्रशिक्षण दिया गया है। वैन में विज्ञान से जुड़े मॉडल होते हैं जिसके जरिए छात्रों को विज्ञान के फंडे समझाए जाते हैं। एससीईआरटी की निदेशक डॉ. किरणमयी ने कहा कि मोबाइल साइंस वैन का फीडबैक अच्छा मिला है। पिछले कार्यक्रम में छात्रों के उत्साह को देखते हुए इस बार अधिक संख्या में जोड़ने की लक्ष्य है।

वैन की ओर से कवर स्कूल और प्रदर्शित मॉडल

डायट	स्कूल	छात्र	एक्टिवटी	मॉडल
गुड़गांव	28	5656	1091	30
मेवात	21	4384	323	23
महेंद्रगढ़	20	3730	847	22
हिसार	16	4297	160	18
कुरुक्षेत्र	19	4017	190	20
सोनीपत	21	4220	292	23
पंचकूला	19	6166	266	30
कुल	144	32470	3169	166

Scanned by CamScanner